(ग) और (घ) पश्चिमी अपतट से दक्षिणी क्षेत्र तक गैस पाइपलाइन की अवधारणा को सैद्धांतिक तौर पर अनुमोदित कर दिया गया है।

"बाम्बे हाई" से गैस की आपूर्ति

320. डा० बापू कालदाते :
श्री सुशील कुमार सम्भाजीराव शिन्दे :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने महाराष्ट्र में दामोल में बनाये जा रहे "पावर स्टेशन" और रायगढ जिले में स्पंज-लौह की तीन परियोजनाओं को "बाम्बे हाई" के प्राकृतिक गैस की आपूर्ति किये जाने की मांग स्वीकार कर ली है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि गैस अथारिटी आफ इंडिया और "तेल और प्राकृतिक गैस आयोग" ने इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार को कोई उत्तर नहीं दिया है ;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) यह गैस कब तक महाराष्ट्र को उपलब्ध करायी जायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (ङ) महाराष्ट्र सरकार को यह सूचित किया गया है कि दक्षिणी राज्यों में एक गैस पाइपलाइन बिछाने के परिप्रेक्ष्य में उनके अनुरोध पर विचार किया गया है और पश्चिमी तट के एक उपयुक्त उतराई स्थल से दक्षिण राज्यों को एक गैस पाइपलाइन की अवधारणा को सैद्धांतिक रूप में स्वीकार कर लिया गया है।

Setting up of petroleum refinery in Assam

321. SHRI P. UPENDRA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to set up another petroleum refinery as a part of the Assam Accord, 1986;

(b) if so, what is the progress on this project and whether the pipeline to link the refinery to the national distribution network is also under construction; and

(c) when the project is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Construction of the boundary wall, fencing site office, cement godown etc. has been started. The selection of the technology for the refinery is being finalised. Other associated projects like the product pipeline for evacuation of the products from the refinery have been envisaged and will be completed to synchronize with the commissioning of the refinery, which is now expected to be around July, 1997.

Burning of LPG at various well sites

322. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a lot of LPG is being burnt out at various well sites in the country;

(b) if so, the quantity of such LPG; and

(c) the details of plan to utilise such LPG in the future?